2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : एनआइटी हो या फिर ग्रेटर फरीदाबाद हर जगह बदहाली

6 अभिमत
चुनावी मौसम और हेट स्पीच का दौर

9 देश/विदेश
न्याय में देरी देश की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक : पीएम मोदी

12 विविध
महिलाएं रखें इन सामान्य कानून की जानकारी

RNI NO. HARHIN/2018/75109

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर भारत बना एशिया कप चैम्पियन

पेज - 11

## स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में पेंटिंग करतीं छात्राएं।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के तत्वावधान में शुक्रवार को इतिहास विभाग के ईंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए के इतिहास विषय की 27 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि यह क्लब वर्ष 2009 से निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत की सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान करा रहा है। उन्होंने सभी छात्राओं को ईंटैक क्लब की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा और अपने अहम का त्याग कर सहयोग भावना से क्लब के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहने को कहा। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि इस क्लब में 100 छात्राएं हैं, जो भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए हैं। इस प्रतियोगीता के विजेता छात्राओं को पुरस्कार इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हैरिटेज के फरीदाबाद चैप्टर के संयोजक व फरीदाबाद जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद्ध, समाजसेवी व उद्योगपति आनन्द मेहता प्रदान करेंगे। इतिहास विभाग के डॉ. जयपाल सिंह और मैडम डॉ. सुप्रिया ढांडा के नेतृत्व में ये प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।